# प्रेस नोट थाना जैतीपुर

## जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

**सराहनीय कार्य दिनांक- 04.09.2026**

## थाना जैतीपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई—जानलेवा हमला कर फायरिंग करने वाले तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त पौनिया व तमंचा समेत 04 जिन्दा एवं 02 खोखा कारतूस बरामद ।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के कुशल पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष जैतीपुर के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जैतीपुर पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने वाले वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 31.08.2026 को वादी मुकदमा श्री जयवीर सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम छेदापट्टी, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा खेत में भैंस चराने से मना करने को लेकर अभियुक्तगण पेशकार पुत्र रोशन, शैलेन्द्र पुत्र रोशन एवं धीरेन्द्र पुत्र रोशन निवासीगण ग्राम छेदापट्टी, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा वादी एवं उसके भाइयों धर्मवीर व रामवीर के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, जिसमें धर्मवीर व रामवीर घायल हो गये। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना जैतीपुर पर मु0अ0सं0 115/2026 धारा 109, 352 बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 3(5) बीएनएस एवं धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। घटना को गम्भीरता से लेते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी एवं साक्ष्य संकलन हेतु निर्देशित किया गया, जिसके क्रम में थाना जैतीपुर पुलिस टीम का गठन किया गया।

आज दिनांक 04.09.2026 को थाना जैतीपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम छेदापट्टी स्थित बगिया में झोंपड़ी एवं मचान से मुकदमे में वांछित अभियुक्तगण 1. पेशकार पुत्र रोशन उम्र करीब 40 वर्ष, 2. शैलेन्द्र उर्फ पुजारी पुत्र रोशन उम्र करीब 35 वर्ष एवं 3. धीरेन्द्र पुत्र रोशन उम्र करीब 28 वर्ष, निवासीगण ग्राम छेदापट्टी, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त पेशकार के कब्जे से 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा अभियुक्त शैलेन्द्र उर्फ पुजारी के कब्जे से 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। अभियुक्त पेशकार की निशानदेही पर 01 पौनिया 315 बोर मय 01 खोखा कारतूस तथा अभियुक्त शैलेन्द्र उर्फ पुजारी की निशानदेही पर 01 तमंचा 315 बोर मय 01 खोखा कारतूस बरामद किया गया। बरामद असलहों के सम्बन्ध में अभियुक्तगण कोई वैध लाइसेंस/प्रपत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। अभियुक्तगण को उनके अपराध से अवगत कराते हुए मु0अ0सं0 115/2026 धारा 109, 352, 3(5) बीएनएस एवं 3/25/27 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1. पेशकार पुत्र रोशन, उम्र करीब 40 वर्ष, निवासी ग्राम छेदापट्टी, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. शैलेन्द्र उर्फ पुजारी पुत्र रोशन, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी ग्राम छेदापट्टी, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।
3. धीरेन्द्र पुत्र रोशन, उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी ग्राम छेदापट्टी, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।

**पंजीकृत अभियोग/गिरफ्तारीः-**

मु0अ0सं0 115/2026 धारा 109, 352, 3(5) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर ।

**आपराधिक इतिहासः-**

**1. पेशकार पुत्र रोशन, उम्र करीब 40 वर्ष, निवासी ग्राम छेदापट्टी, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।**

1. मु0अ0सं0 195/2026 धारा 352/504/506 भादवि, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. मु0अ0सं0 115/2026 धारा 109, 352, 3(5) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।

**2. शैलेन्द्र उर्फ पुजारी पुत्र रोशन, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी ग्राम छेदापट्टी, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।**

1. मु0अ0सं0 195/2026 धारा 352/504/506 भादवि, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. मु0अ0सं0 115/2026 धारा 109, 352, 3(5) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।

**3. धीरेन्द्र पुत्र रोशन, उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी ग्राम छेदापट्टी, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।**

1. मु0अ0सं0 195/2026 धारा 352/504/506 भादवि, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. मु0अ0सं0 115/2026 धारा 109, 352, 3(5) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-**

1. उ0नि0 श्री रविन्द्रनाथ सिंह, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 श्री गौरव सोलंकी, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।
3. का0 81 मोहित कुमार, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।
4. का0 569 प्रशान्त कुमार, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।
5. का0 728 भूपेन्द्र, थाना जैतीपुर, जनपद शाहजहाँपुर।